## महाविद्यालय में (NSS) में स्थापनाः–

**शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा जिला- दुर्ग (छ.ग.) में सत्र 2017-18 में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 50 की संख्या में स्थापना किया गया। NSS स्थापित करने का उद्देश्य महाविद्यालय में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को एक नए विचार द्वारा समाज के साथ जोड़ना तथा उनकी परिस्थितियों को समझकर कार्य करना व उनका विकास करना रहा है। महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में संचालित है तथा ग्रामीण युवाओं को NSS में जोड़कर उनके विचारों में परिवर्तन कर एक नयी दिशा प्रदान की गई है।**

**प्रस्तावनाः- राष्ट्रीय सेवा योजना NSS भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जन्मशताब्दी वर्ष 1969 में उच्च शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व, चेतना, स्वप्रेरित अनुशासन के साथ श्रम के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न हो, विद्यार्थी अपने रिक्त समय एवं अवकाश का सद्प्रयोग करने हेतु समाज सेवा करें तथा अपनी शिक्षा की पूर्णता हेतु वास्तविक परिस्थितियों से साक्षात्कार भी कर सके। जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास हो।**

## एन.एस.एस. अधिकारी

| नाम | शैक्षणिक योग्यता | पद | अनुभव | |
|---|---|---|---|---|
| संतोष कुमार देवांगन | बी.एड.,एम.(राजनैतिक शास्त्र) | सहायक प्राध्यापक | 6 वर्ष |  |

## वार्षिक प्रतिवेदन 2017-2018

| क्रमांक | दिनांक | गतिविधि |
|---|---|---|
| | 19–08–17 | राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें महाविद्यालय परिसर में साफ– सफाई की गई , स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। एवं इसके महत्व को बताया गया। इस कार्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के 60 छात्र–छात्राओं नें अपनी सहभागिता दी । |
| | 26–08–17 | **विवेकानंद जी के जीवनो पर परिचर्चा**–को राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्री संतोष कुमार देवांगन द्वारा **"स्वस्थ्य एवं युवा भारत"** विवेकानंद जी की जीवनी पर परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी श्री संतोष कुमार देवांगन ने समाज को प्रेरित करने वाले विवकानंद के आदर्शों एवं कार्यों पर प्रकाश डाला। दल नायक भूपेन्द्र कुमार चंद्राकर ने विवेकानंद के जीवन की महत्वपूर्ण जानकारी छात्र–छात्राओं को दी । विवेकानंद जी का सपना ,युवा भारत आदि विषयों पर मौसमी, एवं किरण ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस |
| | 9.9.2017 | **वृक्षारोपण**– राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा गोद ग्राम – जंजगिरी में सरपंच श्री दिनेश देशमुख जी की सहमति एवं सहायता से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जंजगिरी के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया जिसमें विद्याालय के शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । स्वयं सेवकों द्वारा आँवला, नीम, करंज, गुलमोहर ,नीबू जैसे फलदार व औषधि युक्त लगभग 100 पौधे रोपे गये। इस कार्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के 57 छात्र–छात्राओं ने इसमें अपनी सहभगिता प्रदान की । |
| | 16–9–17 | **स्वच्छता कार्य**–राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर का कूडा करकट एवं नालियों की साफ सफाई की गई, महाविद्याालय में लगे पेड – पौधों की छटाई की एवं उनकी सिंचाई की गई। स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। सभी स्वयं सेवकों ने इस कार्य को उत्साहपूर्वक किया। |
| | 21.9.17 | **स्वच्छता रैली**–ग्राम– अण्डा में ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता रैली निकाली गयी जिसमें ग्राम अण्डा में प्रत्येक गली –चौराहों पर जाकर (स्लोगन ) नारा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस रैली में कार्यक्रम अधिकारी श्री संतोष देवांगन व अन्य सहायक प्राध्यापकों ने भी बच्चों के साथ रैली में जाकर अपनी सहभागिता प्रदान की । इसमें रैली में 67 छात्र–छात्राओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। |
| | 26–09–17 | **राश्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस** – महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें पं.दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी, उनके महत्वपूर्ण कार्यो पर चर्चा की गयी एवं उनके संकल्पों को स्वयं स्वकों को बताया। स्वच्छता एवं विशेष रूप से बेरोजगारी दूर करने का संकल्प विद्यार्थियों को बताया गया। इस अवसर पर स्वयं स्वकों द्वारा प्रश्न पूछे गए उन प्रश्नों का समाधान किया गया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा के सहायक प्राध्यापक श्री |

| | | |
|---|---|---|
| | | युवराज राउत उपस्थित थे। इसमें 80 छात्र–छात्राओं ने अपनी सहभागिता प्रदान की। |
| | **28—10—17** | **व्यक्तित्व विकास पर बौद्धिक चर्चा – व्यक्तित्व विकास** विषय पर बौद्धिक चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री नरेश चन्द्र देशमुख उपस्थित थे राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री संतोष कुमार देवांगन नें रा.से.यो. के स्वयं सेवको का व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रभारी प्राचार्य श्री नरेश चन्द्र देशमुख ने आदर्श व्यक्तित्व की विशेषताएँ बताई। इस चर्चा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवक एवं महाविद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित रहे। |
| | **13—11—17 से 19—11—17** | **सात दिवसीय िविर का आयोजन** – महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम जंजगिरी में लगाया गया। इस सात दिवसीय शिविर में प्रत्येक दिन बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किये गये। जिसमें शौचालय निर्माण हेतु एक जागरूकता अभियान चलाया गया । नालियों की साफ–सफाई की गयी तथा रैली निकाल कर स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को संदेश दिया गया कि गॉव को साफ–सुथरा रखने से किसी भी तरह की बीमारियॉ नहीं होती हैं। नशा, अशिक्षा, दहेजप्रथा आदि महत्वपूर्ण विषयों को ध्यान में रखकर इन समाजिक बुराईयों को दूर करने एवं समाज में जागरूकता लाने हेतु ग्रामीण शिविर, एवं रैलियों का आयोजन किया गया। इस संदेश को नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी प्रस्तुत किया गया तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता रैली भी निकाली गयी। अंतिम दिन ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु स्वयं सेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें 25 स्वयं सेवकों नें भाग लिया। |
| | 1—12—17 | **एड्स जागरूकता रैली** – शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महाविद्यालय के विभिन्न संकाय के छात्र – छात्राओं द्वारा एड्स जैसी खतरनाक बीमारी से सचेत करने के लिए एड्स से संबंधित जागरूकता रैली निकाली गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न प्राध्यापको ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। |
| | **09—12—2017** | **पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम** – शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा **पशुपक्षियों का संरक्षण** विषय पर पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्या उपस्थित थी। इस कार्यक्रम में डॉ. सुनीता बोकड़े, विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय ने पक्षियों के संरक्षण का महत्व बताया। अंकिता देशमुख, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग ने पशु संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्या ने छात्रों से पक्षियों के दानें एवं घोंसले की व्यवस्था करने को कहा जिससे पक्षियों का संरक्षण हो सकेगा। कार्यक्रम अधिकारी ने पर्यावरण का महत्व बताया, पर्यावरण को संरक्षित कैसे करें इसका विस्तार से चर्चा की गयी और महाविद्यालय प्रांगण में व आस–पास पौधे लगाये हैं और उसको संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 स्वयं सेवक उपस्थित थे। |
| | **13—12—2017** | **मतदाता जागरूकता**–राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं संवकों द्वारा को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें मतदाता जागरूकता हेतु रैली निकाली गयी। कार्यक्रम अधिकारी ने महाविद्यालय के सभागार में मतदान करने संबंधी विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जिसमें उन्होंनें बताया कि मतदान करने से लोकतंत्र मजबूत होता हैं तथा विद्यार्थियों ने मतदान करने की शपथ ली तथा लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। |
| | **23—12—2017** | **स्वच्छता जागरूकता परियोजना कार्य** – शैलदेवी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता जागरूकता का आयोजन किया गया जिसके तहत ग्रामीण लोगों को स्वचछता से जोड़ने का प्रयास किया गया तथा स्लोगन के माध्यम से ग्रामीण लोगों को जागरूक किया गया।<br>महाविद्यालय में भी परियोजना कार्य में परिसर की सफाई की गई । महाविद्यालय के परिसर में बैठक ली गई और स्वच्छता अभियान पर स्वयं सेवकों की बौद्धिक चर्चा हुई जिसमें महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक दुष्यंत कुमार साहू ने स्वच्छता का महत्व बताया। इस अवसर पर सभी स्वयं सेवक उपस्थित थे। |
| | **06—01—2018** | **नाा मुक्ति पर कार्यक्रम** – महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा नशा मुक्ति पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम अधिकारी श्री संतोष देवांगन ने नशा से संबंधित जो भी मादक पदार्थ बाजार में पाये जाते हैं उसका सेवन नही करने को कहा और नशा से दूर रहने को कहा क्योकि इसमें जीवन नष्ट हो जाता है। भूपेन्द्र कुमार चन्द्राकर, दीपिका , तुषमा, मनीषा साहू, बीना साहू, ने नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में सभी को अवगत कराया। अन्य विद्यार्थियों ने भी इस पर अपने विचार रखे और नशा मुक्ति का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे। |
| | 16—01—2018 | **युवा दिवस, युवा सप्ताह का आयोजन** – शैलदेवी महाविद्यालय के रा.से.यो. इकाई द्वारा युवा दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयं सेवकों को युवा शक्ति का महत्व बताया। युवा दिवस पर विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. |

| | | |
|---|---|---|
| | | नरेशचन्द्र देशमुख ने विद्यार्थियों को युवा दिवस, व युवा सप्ताह किस प्रकार मनाया जाए इस पर विस्तृत व्याख्यान दिये। कुछ विद्यार्थियों ने भी बारी – बारी से अपनी बात रखी । और युवा दिवस पर समाज कल्याण की बात कही। |
| | 25–01–2018 | **राश्ट्रीय मतदाता दिवस** – शैलदेवी महाविद्यालय के रा.से.यो. इकाई द्वारा महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवकों के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम अधिकारी नें मतदान के महत्व पर विस्तृत चर्चा की तथा मतदान करना क्यों जरूरी है इसके बारे में बताया। विद्यार्थियों ने भी अपने – अपने विचार रखे तथा लोकतंत्र को बनाएं रखनें के लिए मतदान को आवश्यक बताया तथा सभी को मतदान करनें का संदेश प्रेषित किया। |
| | 10–02–2018 | **जल संरक्षण पर परिचर्चा** – जल संरक्षण पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें जल का महत्व स्वच्छ जल, जल संकट, जल प्रदूषण, जल संरक्षण जैसे गंभीर विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। चर्चा में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थीयों नें सहभागिता दर्शायी। पीने के पानी की जो समस्या है इस पर भी विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। |
| | | **वार्षिक प्रतिवेदन 2018-2019** |
| | **31 / 07 / 2018** | **विद्यार्थियों का पंजीयन एवं गतिविधियों की रूपरेखा**– शैलदेवी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा नये सत्र के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना कार्य की जानकारी देने के बाद इच्छुक नयें प्रवेशित विद्यार्थियों का पंजीयन कराया गया। इच्छुक विद्यार्थियों का पंजीयन होने के बाद स्वयं सेवकों नें बारी – बारी से अपना परिचय दिया और सेवाभाव से कार्य करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा वर्ष भर किए जाने वाले गतिविधियों की रूपरेखा बनाई गई साथ ही स्वयं सेवकों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी से अवगत कराया। |
| | **01 / 08 / 2018** | **युथ पार्लियामेंट** – राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय के सभागार में जिला स्तर पर युथ पालिर्यामेंट में प्रतिभागी के चयन हेतु गतिविधि का आयोजन किया गया कार्यक्रम अधिकारी व स्वयं संवकों ने स्वामी विवेकानंद जी की छायाचित्र पर पुष्प चढ़ा कर कार्यक्रम की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में युथ पालिर्यामेंट संबंधी जानकारी प्रदान की गई। जिलास्तरीय युथ पालिर्यामेंट हेतु 4 स्वयंसेवक स्पीकर प्रतिभागी का चयन किया गया। जिसमें 2 सर्वश्रेष्ठ स्पीकर का नाम हेमचंद यादव विश्वविद्यालय भेजा गया। कौन कितना अच्छा बोलता है और कौन धैर्यपूर्वक बाते सुनकर निर्णय करता है इस आधार पर स्वयं सेवकों के दल नायक भूपेन्द्र चन्द्राकर को सर्वश्रेष्ठ स्पीकर में चयन किया गया। |
| | **21 / 08 / 2018** | **परियोजना कार्य**– शैलदेवी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत लगभग 40 स्वयं सेवको द्वारा परियोजना कार्य के अंतर्गत संचालित किए जाने वाले कार्य एवं कार्यक्रम की रूपरेखा कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा बताई गई और सभी इस परियोजना कार्य में सम्मलित होने के लिए कहा गया। इस परियोजना कार्य में साफ सफाई , नशापान से नशामुक्ति, स्वच्छता, व्यक्तित्व विकास गॉव में जागरूकता रैली इत्यादि प्रकार के परियोजना कार्य को सम्मिलित किया गया। |
| | **25 / 08 / 2018** | **डेंगु जागरूकता रैली** – शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम अंडा में डेंगू जागरूकता रैली का आयोजन किया। जिसमें महाविद्यालय के सभी संकाय के विद्यार्थी शामिल हुए। वर्तमान परिदृश्य में हम भयानक विनाशकारी बीमारी डेंगू से कैसे सुरक्षित रहे, इसके लिए लोगो को जागरूक किया। बचाव हेतु से विभिन्न प्रकार की जानकारियॉ पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से प्रदान की गई। स्वयं सेवकों ने ग्राम अण्डा में अटल चौक, बाजार चौक, गांधी चौक तथा सभी ग्रामीण के घर–घर जा कर जानलेवा डेंगू से बचने के उपाय सुझाए जिसमे शाम के समय शरीर को ढकने वाले कपडे पहने तथा कूलर को साफ रखे, आस पास के परिसर की नियमित साफ–सफाई आदि के बारे में स्वयं सेवकों ने गांव के लोगो को जानकारियाँ प्रदान की। |
| | **05 / 09 / 2018** | **िाक्षक दिवस का आयोजन**–महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। इस शिक्षक सम्मान समारोह में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया । विद्यार्थियों ने शिक्षकों का तिलक लगाकर सम्मान किया व पुष्प गुच्छ, नारियल भेंट स्वरूप दिया गया । स्वयं – सेवकों व विद्यार्थियों ने जीवन में शिक्षकों के महत्व पर अपने – अपने विचार रखें। |
| | **08 / 09 / 2018** | **मतदान जागरूकता**–मतदान से संबधित विभिन्न प्रकार की जानकारी ग्रामवासियों तक पहुँचाने के लिए 'सुगम सुघ्घर निर्वाचन 2018'' नारे के साथ जागरूकता रैली निकाली गई । इसका उद्देश्य मतदान की सही जानकारी प्रदान करना व लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करना था। इस रैली में ग्रामीणजनों नें कई प्रकार के सवाल कियें और स्वयं सेवकों ने सभी सवालों का समाधान किया। |

| | | |
|---|---|---|
| | 14/09/2018 | **हिन्दी दिवस का आयोजन** – राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई द्वारा महाविद्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कल्याण महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर शर्मा एवं शासकीय विश्वनाथ तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.) हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुराना सिंह उपस्थित थे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमन बालियान स्वागत भाषण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथियों ने वर्तमान संदर्भ में राष्ट्रभाषा हिन्दी का महत्व बताया। इस अवसर पर छात्र – छात्राओं ने गीत, कविता और भाषण आदि के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये। सभी अपने विचारों में हिन्दी बोलना, शुध्द लिखना तथा हिन्दी के वर्तमान स्वरूप पर चर्चा की |
| | 24/09/2018 | **स्थापना कार्यक्रम** – महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय अण्डा के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा स्थापना दिवस पर स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व पर चर्चा हुई साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व व इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में100 स्वयं सेवक उपस्थित थे जिन्होनें प्रतिज्ञा ली कि सेवा निः स्वार्थ भाव से करेगें। स्वयं सेवको ने अपने अनुभवों में बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुडने के बाद उनके व्यक्तित्व में निखार आया है एवं सेवाभाव जागृत हुआ है। |
| | 30/09/2018 | **वृक्षारोपण कार्यक्रम** – राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम खाडा रूदा में 50 स्वयं –सेवकों द्वारा आम, आँवला ,करंज, करौंदा, नीम, नींबू ,मुनगा आदि के लगभग 200 पौधे लगाये गये। जहाॅ पर भी गंदगी दिखी वहाॅ पर उस जगह को साफ करके पौधे लगाये गये खाली जमीन पर भी फलदार पौधे लगाये गये पौधे लगाने के साथ ही साथ उन पौधों की देखभाल के लिए संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के कर्मचारी व ग्रामवासी ने भी सुरक्षा देने का संकल्प लिया। |
| | 9/10/2018 | **डोर – टू –डोर मतदान जागरूकता अभियान** – ग्राम जंजगिरी में राष्ट्रीय सेवा योजना में जुड़े स्वयं –सेवकों द्वारा को घर–घर जा कर मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें लोगो को जागरूक किया गया कि आपका एक मत बहुत कीमती है, हमारे एक वोट नही देने से क्या होगा, सरकार बने या बिगडें हमें क्या करना आदि भ्रांतियों को दूर किया गया ताकि मतदान हमारा अधिकार है इसके महत्व पर प्रकाश डाल सकें। |
| | 14/11/2018 | **बाल दिवस का आयोजन** – महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा बाल दिवस का आयोजन किया गया। इसमें स्वयं सेवकों नें छोटे बालक का रूप धारणकर अनुभव साझा किया। बालकों के जीवन शैली पर चर्चा हुई। कार्यक्रम अधिकारी ने बालकों को उनके कर्तव्यों का पालन करने को कहा और इसके अंतर्गत विद्यार्थियों नें छतीसगढ़ी देशी व्यंजन बनाकर बाल मेला लगाया। जिसमें सभी तरह के देशी पकवान बनाये गयें थे। सभी विद्यार्थियों ने बाल मेला का बहुत आनंद उठाया। |
| | 01/12/2018 | **एड्स दिवस रैली** – राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा एड्स दिवस पर ग्राम अण्डा में रैली निकाली गयी । ग्रामवासियों को स्लोगन के माध्यम से एड्स से संबंधित जानकारी दी गई तथा बीमारियों के बारे में बताया गया। जैसे ये रोग कैसे फैलता है, फैलने के क्या कारण है, इसका उपाय क्या है इत्यादि। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी इस बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। |
| | 23/12/2018 | **स्वच्छता जागरूकता** – महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा `महाविद्यालय के प्रांगण परिसर व खेल के मैदान में ,कॉलेज के बाहर आस–पास के जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। आसपास के जगहों से कूड़ा कचरा को साफ करके कूड़ा – कूड़ादान में डाला गया। कार्यक्रम अधिकारी ने स्वच्छता पर स्वयं सेवकों से चर्चा की। आस–पास के परिसर को स्वच्छ रखना है तथा आस–पास के परिसर को स्वच्छ रखने से वातावरण भी स्वच्छ रहता है। हवा भी शुद्ध हो जाती हैं। स्वयं – सेवकों ने स्वच्छता पर अपने – अपने विचार रखे।<br>गाँव में निवास करनें वाले ग्रामीण लोगों के बीच जा कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण इसके साथ– साथ घरों में शौचालय बनानें की बात कही । खुले में शौच से गंदगी फैलती हैं और लोग बीमार पड़ते हैं।स्वयं सेवकों ने घरों में बन रहे शौचालय निर्माण की जानकारी ली और इसकी गुणवता देखी और ग्राम– पंचायत में जा कर गुणवत्ता विहीन निर्माण की जानकारी दी। |
| | 04/01/2019 से 10/01/2019 | **सात दिवसीय वि□ोश □िविर** – राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा 7 दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम – खांड़ा रूदा में किया गया। प्रत्येक दिवस स्वयं सेवको ने विभिन्न गतिविधियाँ एवं कार्य किए जैसे जागरूकता रैली साफ – सफाई व नुक्कड़ नाटक, साक्षरता आदि। गॉव में स्वयं सेवकों ने घर–घर जा कर सर्वेक्षण कार्य किया। जिसके तहत जानकारी एकत्रित की गयी कि ग्रामवासियों को कौन – कौन सी समस्या है । शिविर में आयुर्वेद शिविर भी लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस सात दिवसीय शिविर में ग्रामवासियों |

| | | |
|---|---|---|
| | | ने बहुत सी जानकारी ग्रहण की, और कुछ कार्यक्रम मे भागीदार हुए एवं शिविर में दी गई जानकारी का लाभ उठाया। |
| | 25/01/2019 | **राश्ट्रीय मतदाता दिवस**–राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया । इसमें कार्यक्रम अधिकारी श्री संतोष देवांगन ने मतदान दिवस पर मतदान का महत्व, मतदान करने के फायदे आदि विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा की । कार्यक्रम अधिकारीयों नें कहा क मतदान करने से लोकतंत्र मजबूत होता है। इस लिए मतदान के महत्व को समझते हुए बिना लालच के मतदान करना चाहिए। |
| | 29/01/2019 | **बाल मेला आयोजन में सहभागिता**– शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ द्वारा संयुक्त कार्यक्रम बाल मेला का आयोजन श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में किया गया जिसमें महाविद्यालय के 23 स्वयं सेवक उपस्थित हुए एवं शैलदेवी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का प्रतिनिधित्व किया। |
| | 30/01/2019 | **ग्राम संपर्क अभियान** – शैलदेवी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने जनवरी तक तीन दिवसीय ग्राम सम्पर्क अभियान में भगीदारी निभाई जिसमे 30/01/2019 को बोरीगारका, 31/01/2019 को जंजगिरी एवं 01/02/2019 को ग्राम कोडिया में आयोजित किया गया। जिसमें रैली, स्कूल, ऑगनबाड़ी युवा समूह स्वसहयता समूह,ग्राम पंचायतकी जानकारी डोर टू डोर बाल अपराध की जानकारी, जिसमें नारा सुरक्षित पारा सुरक्षित लईकामन एवं लड़कीयों को उनके अधिकार को बताया गया तथा उन्हें खेल के माध्यम से अपने आप को सुरक्षित कैसे रख सकते है उन पर चर्चा किया गया। जिसमें निम्न 20 स्वयं सेवक शामिल हुए। |
| | 07/09/2019 | **छात्र – छात्राओं का पंजीयन कार्यक्रम** नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का पंजीयन शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा जिला – दुर्ग (छ.ग.) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 2019 –20 के लिए महाविद्यालय के छात्र – छात्राओं का रा.से.यो. मे पंजीयन किया गया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना से जूड़ी महत्वपूर्ण विचारों पर चर्चा व N.S.S. के महत्व पर प्रकाश डाला गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की गई तथा इस सत्र में किये जाने वाले महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी दी गई व किये जाने वालो कार्यों की रूपरेखा बनाई गई। |
| | 09/09/2019 – | **महाविद्यालय परिसर की साफ– सफाई** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयं सेवकों को साफ–सफाई का महत्व बताते हुए महाविद्यालय परिसर में ही स्वच्छता अभियान चलाया गया ये स्वच्छता कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के सफाई परियोजना के द्वारा किया गया। |
| | 11/09/2019 | **सद्भावना दिवस,** महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के द्वारा ''सद्भावना दिवस मनाया गया'' जिसमें स्वयं सेवकों के द्वारा वृक्षारोपण, प्रकृति को साफ – सुथरा रखने एवं प्रदूषण को दूर करने पर एक विस्तृत चर्चा की गयी। स्वयं सेवकों के साथ इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने वृक्ष लगाने पर जोर दिया अपने आस – पास के वातावरण को साफ रखने पर बल दिया, नालियों कि सफाई पर भी अपने विचार रखे। |
| | 18/09/2019 | **आंतरिक परिसर की साफ – सफाई,** महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय के आंतरिक परिसर की साफ–सफाई किया गया। जिसमें महाविद्यालय में लगे पेड़ पौधों की छटाई एवं उनकी सिंचाई पानी निकासी की व्यवस्था नालियों की सफाई की गई । स्वयं संवको ने महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया तथा स्वयं सेवकों द्वारा इस कार्य को बड़े उत्साहपूर्वक किया गया। |
| | 20/09/2019 | **ट्रैफिक नियम से संबंधित जानकारी,**– शैलदेवी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ट्रैफिक नियमों से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी। इसके तहत स्वयं सेवको को गाड़ी चलाने से संबंधित विभिन्न जानकारी दी गयी जिसमें बताया गया दोपहिया वाहनों लगभग 40 कि.मी./घंटे कि स्पीड़ से चलाना चाहिए तथा गाड़ी चलाने पर हेलमेट जरूर पहनना चाहिए। और सिग्नल पर गाड़ी को रोकना चाहिए, ओवरटेक नही करना चाहिए, तीन या चार सवारी भी नही बैठना चाहिए । बैठक व्यवस्था व मंच निमार्ण राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया। |
| | 29/09/2019 | **राश्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस,** महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया जीसमें स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर भाषण, कविता, एवं समाज के साथ जुड़कर समाज सेवा की भावना जागृत करने के लिए लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर स्वयं सेवकों द्वारा पूछे गयो प्रश्नों का समाधान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुमन बालियान एवं सभी स्वयं सेवक उपस्थित हुए। इसमें लगभग 100 छात्र – छात्राओं ने अपनी सहभागीता प्रदान की। |

| | | |
|---|---|---|
| | **02/10/2019** | **प्लास्टिक नियंत्रण कार्यक्रम –** महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा प्लास्टिक नियंत्रण कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के आंतरिक परिसर व महाविद्यालय के बाहर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें खराब प्लास्टिक का दहन किया गया और यह भी जानकारी दी गयी की प्लास्टिक का प्रयोग करके लोग बाहर फेंक देते हैं। प्लास्टिक नही गलता है न ही सड़ता। ऐसे ही बाहर पड़े होने से जानवर इसको खा लेते है। जिससे जानवरों की मृत्यु तक हो जाती है प्लास्टिक मुक्त अभियान भी चलाया गया। |
| | **02/10/2019** | **अहिंसा दिवस पर जागरूक रैली** महात्मा गांधी के 150 वीं जयंती के अवसर पर महाविद्यालय की साफ सफाई की गयी। स्वयं सेवकों के द्वारा लोगों में जागरूकता लाने हेतु विविध कार्यक्रम किये गये जिसमें महात्मा गांधी के उद्देश्यों व उनके विचारों को प्रकट किया गया जिसमें एक रैली भी आयोजित की गयी जिसमें महात्मा गांधी के चरित्र व उनके बताये रास्ते को चिन्हांकित किया गया। |
| | **30/10/2019** | **राश्ट्रीय मितव्ययता दिवस–** शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा द्वारा (दुर्ग) के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा राष्ट्रीय मितव्ययता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम अधिकरी ने अपने आख्यान में स्वयं सेवकों को बताया कि मितव्ययता भारतीय संस्कृति का प्रमुख आदर्श है जो केवल बचत का ही दृष्टिकोण नही देता है बल्कि जीवन में सादगी, संयम, अनावश्यक खर्चो पर नियंत्रण, त्याग और आडंबर रहित जीवन को प्राथमिकता देता है। स्वयं सेवकों ने भी अपने विचार रखे। और अपनी सहभागिता प्रदान की। |
| | **8/11/2019** | **स्वच्छता पर परिचर्चा–** महाविद्याल के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों के द्वारा देवउठनी पर्व पर महाविद्यालय परिसर की साफ – सफाई की गयी एवं स्वच्छता के विषय पर परिचर्चा की गयी जिसमें कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए स्वच्छ वातावरण, स्वच्छ जीवन पर बल दिया। उन्होंनें ''स्वच्छ रखो व स्वस्थ रहो'' का नारा दिया। |
| | **19/11/2019** | **कौमी एकता सप्ताह**–राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा महाविद्यालय में आयोजित कौमी एकता सप्ताह में वालेन्टियर का कार्य किया गया जिसमें कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयं सेवकों को साम्प्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता और मिली जुली संस्कृति और राष्ट्रीय भावना व शिक्षा के विषय में विस्तार से समझाया। और 19 से 25 नवम्बर तक कौमी एकता सप्ताह मनानें का संकल्प लिया। |
| | **20/11/2019** | **कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत SC व ST पर योजनाओं पर परिचर्चा–** कौमी एकता सप्ताह पर चल रहे कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय में आयोजित इस कौमी एकता कार्यक्रम पर अन्य विद्यार्थियों और स्वयं सेवकों के बीच अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु योजनाएँ एवं उनके हित में चल रहे कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त दी गयी। |
| | **17/12/2019** | **वृक्षारोपण,–** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला आमटी में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें उस स्कूल के शिक्षकों ने व बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वयं सेवको द्वारा आँवला, नीम, गुलमोंहर, नींबू जैसे फलदार व औषधियुक्त 50 पौधे लगाए गये। |
| | | **एड्स दिवस रैली –** शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महाविद्यालय के विभिन्न संकाय के छात्र – छात्राओं द्वारा एड्स जैसी खतरनाक बीमारी से सचेत करने के लिए एड्स से संबंधित जागरूकता रैली ग्राम – अण्डा में निकाली गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न प्राध्यापकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। |
| | **24/01/2020** | **राश्ट्रीय बालिका दिवस** –शैलदेवी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा आज बालिका दिवस का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेवकों ने भाषण एवं वक्तव्य के माध्यम से अपने विचार रखें। |
| | 04/01/2020 | **सात दिवसीय वि□ोश ि□ाविर का आयोजन**–शैलदेवी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन से0 4/01/2020 10/01/2020 तक ग्राम – करगाडीह में लगाया गया। इस सात दिवसीय शिविर में प्रत्येक दिन अलग – अलग कार्यक्रम हुआ। शौचालय निर्माण से लेकर तालाबों की सफाई, नालियों की सफाई तथा रैली निकाल कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से नशा, नशामुक्ति अशिक्षा, बालविवाह इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों को ध्यान में रख कर ग्रामीणों को सचेत किया गया। तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई तथा अंतिम दिन ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु स्वयं सेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। |
| | **06/06/2020** | **कोविड – 19, के बारे में परिचर्चा–** शैलदेवी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के साथ**,** कोविड़ – 19 के बारे में परिचर्चा की गयी एवं उससे बचाव के बारे में जानकारी व सुझाव प्रदान किया गया। कार्यक्रम अधिकारी ने विस्तार पूर्वक कोविड – 19 की समीक्षा की। यह परिचर्चा ऑनलाईन माध्यम से |

| | | |
|---|---|---|
| | | ली गयी। |
| | 12/06/2020 | **मनरेगा कार्य में मास्क वितरण** – राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयं सेवकों द्वारा अपने निवास स्थान ग्राम में चल रहे मनरेगा कार्य में जाकर मास्क वितरण किया गया और मनरेगा कार्य में सम्मिलित ग्रामिणों को कोविड – 19 के बारे में और मुंह नांक को पूरा ढंकना इत्यादि के बारे में समझाया गया। गांव के वरिष्ठजनों ने भी स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया। |
| | 18/06/2020 | **दीवाल लेखन कर कोविड़–19 से बचाव** – शैलदेवी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा को अपने – अपने ग्राम में ग्रामवासियों को कोविड़ – 19 जैसी घातक बीमारियों के बारे में समझाया गया और विस्तृत जानकारी के लिए ग्रामवासियों के घरों में दीवाल लेखन के माध्यम से भी सचेत किया गया तथा दीवारों में कोविड़ से सुरक्षा के बचाव के स्लोगन लिखे गये। |
| | 02/11/2020 | **पंजीयन,**नवप्रवेशित छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में जानकारी देकर, इच्छुक विद्यार्थियों का पंजीयन फार्म भरवाते समय कोविड़ – 19 की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा गया। |
| | 03/11/2020 | **पंजीयन,**– कोविड़ – 19 की सावधानियों को ध्यान में रखते हुए बचे हुए नवप्रवेशित छात्र – छात्राओं का पंजीयन फार्म भरवाया गया कोविड की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 04/11/2020 , 05/11/2020, और 06/11/2020 इस दिनांक को भी पंजीयन फार्म भरवाया गया। |
| | 18/11/2020 | **स्वच्छता पर परिचर्चा** – शैलदेवी महाविद्यालय के पुराने स्वयं सेवकों और नवप्रवेशित स्वयं सेवकों को ऑनलाईन पद्धति से स्वच्छता पर परिचर्चा आंरभ की गयी जिसमें कार्यक्रम अधिकारी भी उपस्थित रहे और उनके ही मार्ग दर्शन में यह परिचर्चा सफल रही। स्वच्छता पर परिचर्चा में स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार साझा किये। यह सब कार्यक्रम Google meet app के जरिये संपन्न हुआ। |
| | 19/11/2020 | **कौमी एकता दिवस पर चर्चा** – महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा **दिनांक**–Zoom meet app के माध्यम से कौमी एकता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें आज राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेशचन्द्र देशमुख द्वारा जंगली क्षेत्रों एवं आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की संस्कृति के बारे में परिचर्चा की गयी। |
| | 20/11/2020 | **कौमी एकता दिवस का आयोजन** – शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा कौमी एकता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के सहायक कार्यक्रम अधिकारी दुष्यंत साहू के द्वारा योग की महत्ता बतायी गयी। |
| | 21/11/2020 | **कौमी एकता सप्ताह,** कौमी एकता सप्ताहके अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों के द्वारा Zoom meet app पर कौमी एकता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें B.A. के सहायक प्राध्यापक टेमन साहू के द्वारा सामाजिक दायित्वों एवं हमारे कर्त्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी एवं शिक्षा दी गई। |
| | 27/11/2020 | **राश्ट्रीय सेवा योजना के बारे में परिचर्चा**– शैलदेवी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों के द्वारा Zoom meet app पर राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय पर विस्तृत परिचर्चा की गयी जिसमें इसके सिद्धांत, उद्देश्य सहयोग और ग्राम सेवा की भावना पर विस्तृत चर्चा की गयी। |
| | 01/12/2020 | **विश्व एड्स दिवस पर परिचर्चा** – शैलदेवी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों के द्वारा Zoom meet app पर आज विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डिजिटल माध्यम से अधिक लोगों को एड्स से बचाव व सुरक्षा के बारे में बताया जानकारी प्रदान की गयी। |
| | 05/12/2020 – | **विश्व स्वयं सेवक दिवस का आयोजन,**<br>शैलदेवी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों के द्वारा आज विश्व स्वयं सेवक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे सभी स्वयं सेवकों ने अपनी N.S.S. Join करने के पीछे कारण बताये एवं सीनियर स्वयं सेवकों ने अपने–अपने अनुभव साझा किये। यह कार्यक्रम कोविड़–19 को ध्यान में रखते हुए सावधानी से किया। |
| | 10/12/2020 | **मानव अधिकार दिवस पर चर्चा** – शैलदेवी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों के द्वारा मानव अधिकार दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्री दुष्यंत साहू जी के द्वारा सभी स्वयं सेवकों को मानव के अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की गयी उनके कर्तव्यों का भी विस्तार से वर्णन किया गया। |
| | 12/01/2021 | **युवा दिवस का आयोजन**<br>शैलदेवी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों के द्वारा दिनांक–राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं युवा दिवस का आयोजन और युवा सप्ताह प्रारंभ किया गया। |
| | 17/01/2021 | **पल्स पोलियो की महत्ता पर परिचर्चा,**– N.S.S. इकाई के स्वयं सेवकों के द्वारा |

| | | |
|---|---|---|
| | | अपने – अपने ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को पोलियो के बीमारी के बारे में बताया गया। 0–5 वर्ष तक के बच्चों के पालकों को पोलियो की दवा की महत्ता बतायी और उनके बच्चों को पोलियो की खुराक दिलवाने में उनकी सहायता की गयी। यह कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में हुआ। |
| | 20/01/2021 | **स्वच्छता पखवाडा का आयोजन** – शैलदेवी महाविद्यालयर रा.से.यो. इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया, जिसमें सभी स्वयं सेवकों ने अपने घरों के आस पास की साफ –सफाई की नालियों की सफाई की गई। तथा छोटे – छोटे गड्ढों को मिट्टी से पाटा गया और ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। |
| | 24/01/2021 | **राश्ट्रीय बालिका दिवस**– शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा में कोविड़ को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सेवकों ने बालिका के अधिकारों को भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। सभी ने बारी–बारी से अपने व्यक्तव्य का बखान किया जिससे राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व को समझा जा सके। |
| | 30/01/2021 | **पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन**<br>राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को महाविद्यालय परिसर में ही कोविड नियमों का पालन करते हुए कोविड से संबंधित पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। |
| | 01/02/2021 | **मनरेगा कार्य में जाकर कोविड़ – वैक्सीन की जानकारी** – महाविद्यालय के स्वयं सेवकों ने को अपने ग्राम में चल रहे मनरेगा कार्य में जा कर कोविड – वैक्सीन की सम्पूर्ण जानकारी दी गयी। |
| | 02/02/2021 | **न्शामुक्ति अभियान का आयोजन** – शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने महाविद्यालय परिसर में नशा मुक्ति अभियान के तहत स्वयं सेवकों व अन्य विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति दिवस मनाया गया और रैली निकालकर कोविड की जानकारी व सावधानी स्लोगन के माध्यम से बताया गया। यह पूरा कार्यक्रम कोविड को ध्यान में रखते हुए सम्पन्न कराया गया। |
| | 05/02/2021 | **मनरेगा कार्य के तहत हाथ धुलाई**– राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने **को** अपने ग्राम अण्डा में चल रहे मनरेगा स्थल में जाकर सभी का हाथ धुलवाये और समय–समय पर हाथ धोने के फायदों की जानकारी दी। |
| | 06/02/2021 | **दीवार लेखन के माध्यम से कोविड वैक्सिन की जानकारी,**<br>महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा अपने – अपने ग्राम में दीवार लेखन के माध्यम से कोविड – वैक्सीन की जानकारी दी गयी। |
| | 15/02/2021 | **यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह,**<br>आज शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा यातायात की जानकारी, नियम, कानुन, इन्ही विषयों को ध्यान में रखते हुए यातायात सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। |
| | 21/02/2021 | **एक दिवसीय वि्शेश ि्शविर का आयोजन** –शैलदेवी महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवको के द्वारा दिनांक 21/02/2021 को ग्राम चिंगरीं में एक दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया जिसमें स्वयं सेवको ने ग्रामवासियो स्वच्छता का पालन करना, कोविड से रक्षा व कोरोना टीकाकरण की जानकारी देते हुए सार्वजनिक स्थलों की साफ – सफाई, नाली की सफाई इत्यादि कार्य किये। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेरशचंद्र देशमुख ने इस शिविर में स्वयं सेवको का मार्गदर्शन किया। |
| | 27/02/2021 | **सद्भावना दिवस,**<br>महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर में सद्भावना दिवस मनाया गया। |